>

Title: Need to construct a railway line from Deoria to Mau via Barhaj, Badahalganj and provide a stoppage of Bihar Sampark Kranti Express at Deoria, Uttar Pradesh.

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया से बरहज, बडहलगंज होते हुए मऊ तक सड़क मार्ग नहीं के बराबर है और यह इलाका बहुत ही पिछड़ा हुआ है। यहां के लोगों से सामाजिक एवं आर्थिक विकास हेतु इस उपरोक्त मार्ग को नई रेलवे लाईन से जोड़ना अति आवश्यक है। इससे देवरिया को अन्य हिस्से से सीधा जोड़ा जा सकता है। विकास के अभाव में इस क्षेत्र के लोग रोजगार की तलाश में दूसरे हिस्सों में जाकर नौकरी कर रहे हैं।

अतः उपरोक्त रेलवे लाईन पर विचार एवं सर्वे करवाया जाये। बिहार सम्पर्क क्रांति का दिल्ली से बिहार जाते समय देवरिया स्टेशन पर ठहराव नहीं है जिसके कारण दिल्ली से आने वाले लोग इस रेल सेवा का उपयोग नहीं कर पाते हैं। अतः इसी बजट में इस रेलगाड़ी के ठहराव की घोषणा भी होनी चाहिए।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि देवरिया से बरहज एवं बडहलगंज होते हुए मऊ तक रेलवे लाईन जोड़ा जाए एवं बिहार सम्पर्क क्रांति का ठहराव देवरिया में किया जाए।